# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pin code 494001

Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvjdp.ac.in


क्रमांक / 796 / ए–6 / अका. / कार्यपरिषद् / 2025 जगदलपुर, दिनांक 04 / 01 / 2025

प्रति,

**सम्माननीय कार्यपरिषद सदस्य,**
**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर**

1. प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति,
   शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
2. डॉ. रश्मि सिंह, प्राचार्य,
   शासकीय महर्षि वाल्मीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर
3. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य,
   भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर
4. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य,
   शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव
5. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, प्राचार्य,
   श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर
6. श्रीमती राजलक्ष्मी सेलट,
   विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग
7. संभागीय संयुक्त संचालक,
   कोष लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर
8. डॉ. एस.के.पाण्डेय, पूर्व कुलपति एवं प्राध्यापक,
   पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
9. डॉ. शरद नेमा, प्राध्यापक, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला
   शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर

विषय :– दिनांक 04.01.2025 को आयोजित कार्यपरिषद् की 56वीं बैठक की कार्यवाही विवरण प्रेषित करने के संबंध में।

*****

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 56वीं बैठक दिनांक 04 / 01 / 2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के सभागार में आहूत की गई थीं। उक्त बैठक में लिये गये निर्णयों का कार्यवाही विवरण संलग्न कर प्रेषित है।

**संलग्न :–** कार्यवाही विवरण।

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 797 / ए–6 / अका. / कार्यपरिषद् / 2025 जगदलपुर, दिनांक 04 / 01 / 2025

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के सचिव, राजभवन रायपुर, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
4. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।
5. वित्त अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।
6. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर।

–: की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001
**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**
Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pin code 494001
Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037 Website: www.smkvjdp.ac.in


क्रमांक/795/ए–6/अका./कार्यपरिषद्/2025 जगदलपुर, दिनांक 04/01/2025

## कार्यवृत्त
## कार्यपरिषद् की 56वीं बैठक
## दिनांक 04/01/2025

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 56वीं बैठक दिनांक 04.01.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य भौतिक रूप से /विडियो कॉन्फ्रेसिंग (Google Meet App) के माध्यम से सम्मिलित हुए :–

**भौतिक रूप से उपस्थित**

1. प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति, – पदेन अध्यक्ष
2. डॉ. शरद नेमा, प्राध्यापक, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर – सदस्य
3. डॉ. राजेश लालवानी, कुलसचिव, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर – पदेन सचिव

**गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाईन सम्मलित सदस्य**

4. डॉ. रश्मि सिंह, प्राचार्य, शासकीय महर्षि वाल्मीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर – सदस्य
5. डॉ. सरला आत्राम, प्राचार्य, भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर – सदस्य
6. डॉ. चेतन राम पटेल, प्राचार्य, शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोण्डागॉव – सदस्य
7. श्री ईश्वर प्रसाद तिवारी, प्राचार्य, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर – सदस्य
8. संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बस्तर, जगदलपुर – सदस्य
9. डॉ. एस. के. पाण्डेय, पूर्व कुलपति एवं प्राध्यापक, प. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर – सदस्य

**विषय क्रमांक–1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् की 55वीं बैठक दिनांक 10.12.2024 के कार्यवृत को सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णय**–समस्त कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–2 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् की 55वीं बैठक दिनांक 10.12.2024 के कार्यवृत का पालन प्रतिवेदन पर विचार।

4 JAN 2025

**निर्णय**—पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक—3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 04.01.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 24वीं बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिये गये निर्णयों का अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय**—विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 24वीं बैठक दिनांक 04.01.2025 के समस्त निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया। विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक के विषय क्रमांक 03 के निर्णय को स्वीकार किया गया तथा पंचम दीक्षांत समारोह सत्र 2023—24 के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता पर निम्नवत निर्णय लिया गया :—

मुख्य अतिथि : माननीय राष्ट्रपति, भारत।
अध्यक्ष : माननीय कुलाधिपति एवं माननीय राज्यपाल छत्तीसगढ़।
अति विशिष्ट : माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन।
मुख्य वक्ता : प्रोफेसर राजीव प्रकाश
निदेशक, आई. आई. टी., भिलाई

**मानद उपाधि**

| क्र.सं. | नाम | मानद उपाधि का विवरण |
|---|---|---|
| 01 | पदमश्री हेमचंद मांझी, वैधराज, पारम्परिक चिकित्सक, छोटेडोंगर, नारायणपुर छत्तीसगढ़ | डी.एस.सी. की मानद उपाधि |
| 02. | पद्मश्री अजय कुमार मंडावी, काष्ट शिल्पकार, पुर्नवास सामाजिक कार्यकर्ता, कांकेर छत्तीसगढ़ | पी—एच.डी. की मानद उपाधि |

**विषय क्रमांक—4 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

कुलसचिव भवन में आवश्यक मरम्मत एवं रंगरोगन कार्य पूर्ण होने के पश्चात लोक निर्माण विभाग को द्वितीय/अंतिम किश्त राशि रू. 5,85,000/— (पॉच लाख पचासी हजार) भुगतान किये जाने पर विचार।

**निर्णय**—भुगतान की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक—5 (विश्वविद्यालय के विकास विभाग का प्रस्ताव)**

कुलपति निवास के रंगरोगण, फ्लोरिंग के मरम्मत एवं टायलेटों (6 नग) के मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात लोक निर्माण विभाग को द्वितीय/अंतिम किश्त राशि रू. 10,81,000/— (दस लाख इक्यासी हजार) भुगतान किये जाने पर विचार।

**निर्णय**—भुगतान की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक—6 (विश्वविद्यालय के स्थापना प्रशासन का प्रस्ताव)**

डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा, सह प्राध्यापक, मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला को गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर में प्रोफेसर पद् पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु धारणाधिकार (LIEN) दो वर्ष की अनुमति प्रदान करने तथा भारमुक्त किये जाने पर विचार।

**निर्णय**—विश्वविद्यालय के परिनियम—31 के भाग दो की कंडिका 11 के प्रावधान के अंतर्गत डॉ. आनंद मूर्ति मिश्रा को कार्यमुक्ति होने की तिथि से दो वर्ष अथवा गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मानवविज्ञान एवं जनजातीय विकास विभाग में आचार्य के पद पर कार्यभार ग्रहण कर एक वर्ष के परिवीक्षा काल के पश्चात् स्थायीकरण की तिथि, जो भी पहले हो, के लिए धारणाधिकार की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

4 JAN 2025

**विषय क्रमांक–7 (विश्वविद्यालय के स्थापना प्रशासन का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय से अनुबंधित सुरक्षा एजेंसी मेटास सिक्योरिटी एवं फायर सर्विस प्रायवेट लिमिटेड रायपुर से प्राप्त पत्र क्रमांक एमएसएफएस/630/2024 दिनांक 13.12.2024 के द्वारा प्रेषित **जवाब**– यह कि कारखाना अधिनियम की धारा–52 के तहत प्रत्येक श्रमिक को साप्तहिक अवकाश प्राप्त करने का अधिकार है तथा माह–अक्टूबर का देयक राशि रू. 6,36,319/– (छः लाख छत्तीस हजार तीन सौ उन्नीस मात्र) तथा के भुगतान किये जाने पर विचार।

**निर्णय**–कार्यपरिषद् के पटल पर रखे गये समस्त अभिलेखों के परीक्षण एवं सम्यक् विचारोपरान्त छत्तीसगढ़ श्रमायुक्त के द्वारा निर्गत निम्नतम वेतन अधिनियम–1948, कारखाना अधिनियम की धारा–52 तथा कलेक्टर के आदेश दिनांक 03/10/2024 के अंतर्गत प्रावधान–5 जिसके अन्तर्गत एक माह में तीस कार्य दिवस में चार दिवस के अवकाश के प्रावधान तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं परिसर की 24 घण्टे की सुरक्षा की निरंतरता को बनाये रखने की आवश्यकता के दृष्टिगत रिलीवर को ड्यूटी गणना मे सम्मलित करते हुए प्रस्तावित भुगतान रू. 6,36,319/– (छः लाख छत्तीस हजार तीन सौ उन्नीस मात्र) को स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्रमांक–8 (विश्वविद्यालय के स्थापना प्रशासन का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के कार्यपरिषद की 37वीं बैठक दिनांक 29.03.2022 के एजेण्डा/विषय क्रमांक–11 के निर्णय ट्रांजिट हॉस्टल के नियमावली कंडिका 5 एवं 6 में कमरे रिक्त रहने की स्थिति में अतिथि व्याख्याता/शिक्षकों को एक सत्र के लिये आबंटित करने हेतु नियमावली में जोड़े जाने पर विचार।

**निर्णय**–अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–9 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा पूर्व में आयोजित पूरक परीक्षा 2024 के प्रश्न–पत्रों की गोपनीय प्रिटिंग की राशि रू. 20,33,627/– (बीस लाख तैतीस हजार छः सौ सताईस रू.) संबंधित फर्म को भुगतान किये जाने की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय**–भुगतान की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–10 (विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यालय का प्रस्ताव)**

श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा शिक्षण समिति कंगोली, जगदलपुर के द्वारा भाषा महोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु राशि रू. 70,000/– (सत्तर हजार मात्र) का सहयोग की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय**–भुगतान की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–11 (विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की 55वीं बैठक दिनांक 10.12.2024 के एजेण्डा/विषय क्रमांक –12 के निर्णयानुसार स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/पी–एच.डी. कार्यक्रमों में पंजीकृत नियमित/स्वाध्यायी छात्र एवं छात्राओं के द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क एवं अन्य शुल्क के अन्तर की राशि को संबंधित महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के माध्यम से छात्र–छात्राओं को वापस किये जाने पर विचार।

**निर्णय**–अनुमोदन प्रदान किया गया।

4 JAN 2025

**विषय क्रमांक–12 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय के छात्रावासों, अध्ययनशालाओं के लिये डुयेल डेस्क, आलमारी, बंक बेड, कुर्सी, टेबल आदि आवश्यक सामग्रियों को विश्वविद्यालयीन बजट अन्तर्गत जेम पोर्टल से क्रय करने की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय**–विश्वविद्यालय में सत्र 2024–25 से नवीन विभागों के स्थापित होने के पश्चात् कुल 33 विभाग एवं 44 नवीन पाठ्यक्रमों के प्रारंभ करने हेतु कक्षाओं में फर्नीचर की आवश्यकता तथा नवीन महिला एवं पुरूष छात्रावासों में छात्र–छात्राओं के रहने की सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रस्तावित फर्नीचर यथा डुयेल डेस्क, आलमारी, बंक बेड, छात्रों के पढ़ने हेतु कुर्सी एवं टेबल आदि को प्राथमिकता एवं विश्वविद्यालय के अनुमोदित बजट प्रावधानों एवं फण्ड की उपलब्धता के आधार पर क्रय करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–13 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय हेतु 01 सेट साउंड सिस्टम विश्वविद्यालय बजट प्रावधान अन्तर्गत जेम पोर्टल से क्रय करने की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय**–साउंड सिस्टम के क्रय हेतु रू. 10.00 लाख की स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–14 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

लैंग्वेज लैब में प्रयोग किये जाने वाले सॉफ्टवेयर (अंग्रेजी भाषा ए.आई. आधारित प्रजेन्टेशन टूल्स, रिसर्च पेपर अथवा आर्टिकल राईटिंग इम्प्रूवमेंट टूल्स, ऑनलाइन लैंग्वेज एक्सेस, आदि) क्रय करने हेतु अनुमानित राशि रू. 10.00 लाख की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय**–स्वीकृति का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–15 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

विश्वविद्यालय में एनर्जी आडिट करने तथा विभिन्न भवनों में विधुत खपत के आधार पर सौर उर्जा आधारित ऑनग्रेड सोलर पैनल को स्थापित करने की योजना पर विचार।

**निर्णय**–अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक–16 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

SMKV Incubation and Start-up Foundation के स्थापित करने पर विचार।

**निर्णय**–विश्वविद्यालय में SMKV Incubation and Start-up Foundation को स्थापित करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त फाउंडेसन का सेक्शन–8 कंपनी एक्ट में पंजीकरण, टैक्स बेनेफिट–12A तथा 80 G में सर्टिफिकेशन, नीति आयोग में पंजीकरण, स्टार्ट–अप इंडिया में पंजीकरण तथा एम.एस.एम.ई. में पंजीकरण यश गुरनानी एंड एसोसिएट, बिलासपुर के द्वारा मात्र दो वर्ष के निःशुल्क परामर्श के साथ रू. 75000/– के सेवा शुल्क के द्वारा शीघ्र पूर्ण कराया जायेगा।

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

Manoj K. Shrivastava
04.01.2025
कुलपति
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्याल, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

04 JAN 2025